Hindi versions of documents laid on the Table

768. { **Dr. L. M. Singhvi:**
Shri Himatsingka:
Shri Rameshwar Tantia: }

Will the Minister of **Parliamentary Affairs** be pleased to state:

(a) whether necessary instructions have been issued for simultaneously placing the Hindi versions of all the documents which are laid on the Table; and

(b) if so, whether both the versions will have the same authenticity?

The Minister of Communications and Parliamentary Affairs (Shri Satya Narayan Sinha): (a) The Department of Parliamentary Affairs have issued no such instructions.

(b) Does not arise.

राष्ट्रीय रक्षा कोष

769. { **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री प० ह० भील :
श्री बड़े :
श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा :
श्री सोलंकी :
श्री नरसिम्हा रेड्डी :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री भुनेश्वर मीना :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय : }

क्या प्रधान मंत्री 23 नवम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 337 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवम्बर, 1964 से 28 फरवरी, 1965 तक राष्ट्रीय रक्षा कोष के केन्द्रीय खाते में कुल कितना नकद धन प्राप्त हुआ ;

(ख) सोने तथा सोने के आभूषणों के रूप में तथा अन्य बहुमूल्य धातुओं के रूप में उपरोक्त अवधि में कितना-कितना अंशदान प्राप्त हुआ ; और

(ग) इस कोष में से अब तक कितनी धन राशि व्यय की जा चुकी है ?

प्रधान मंत्री तथा अणु शक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री): (क) नवम्बर, 1964 से 28 फरवरी, 1965 तक राष्ट्रीय रक्षा कोष के केन्द्रीय खाते में कुल 20,64,329.74 रुपये नकद धन प्राप्त हुआ ।

(ख) सोने तथा सोने के आभूषणों के रूप में तथा अन्य बहुमूल्य धातुओं के रूप में उपरोक्त अवधि में जो अंशदान प्राप्त हुआ वह यह था :—

सोने तथा सोने के आभूषण 11,929.630 ग्राम

चांदी तथा चांदी की वस्तुएं 30,933.260 ग्राम

(ग) अभी तक कुल मिलाकर करीब 33.35 करोड़ रुपया खर्च करने की अनुमति दी गई है, परन्तु वास्तविक खर्च लगभग 24 करोड़ रुपये हुआ है ।

सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा

770. { **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री बड़े : }

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह ठीक है कि बहुत सा सामान, जो कि कोटा स्थित सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र में विस्तार करने के उद्देश्य से खरीदा गया था, बिना प्रयोग किये ही वहां पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ; और

(ग) क्या इस प्रशिक्षण केन्द्र को कोटा से जयपुर ले जाया जा रहा है, यदि हां, तो क्यों ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री यशवन्तराव चह्वाण) : (क) और (ख) 13.29 लाख की लागत के स्टोर, जिन में मुख्यत शामिल है ए० सी० चादरें और जलसंभरण